Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide financial assistance to farmers who suffered loss of crops due to heavy rains in Dhar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh .

श्री छतरसिंह दरबार (धार): महोदय, यदि हमारे देश का कृषि क्षेत्र मजबूत हो जाए तो हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकती है । देश के कृषि क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को सुधारने, कृषि के विविधिकरण वाली बुनियादी सुविधाओं और उच्च मूल्यवाली आपूर्ति श्रंखला से छोटे किसानों को जोड़ने से लघु और सीमांत कृषकों की आय में वृद्धि हो जाएगी क्योंकि जब तक समाज का यह बड़ा वर्ग गरीबी से पीड़ित रहेगा तब तक हमारे समग्र आर्थिक विकास का कोई महत्व नहीं होगा । पिछले कुछ वर्षों से लघु और सीमांत किसानों की स्थिति और ज्यादा खराब हुई है । हमारे मध्य प्रदेश के मेरे संसदीय क्षेत्र धार के किसानों की फसलें इस बार अतिवृष्टि के कारण विनष्ट हो गई है । सरकार से मेरा आग्रह है कि किसान सम्मान निधि की तर्ज पर सभी किसानों के खातों में एक वाजिब रकम तत्काल अंतरित की जाए, जिससे इन्हें वर्तमान खराब स्थिति का सामना करने में मदद मिल सके तथा वे अगली फसल की बुआई आदि कर सकें ।